संक्षिप्त

साइबर ठगी का मामला, एक धरा

उदयपुर, (कासं)। साईबर ठगी जरिये अवैध लेनदेन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर म्यूल अकाउंट के खिलाफ चलाएं जा रहे अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक कैलाशचंद्र एवं छगन पुरोहित के सुपरविजन में एएसआई रज्जाक मोहम्मद द्वारा किए गए अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर प्रतापसिंह पुत्र मंगल सिंह बागेला निवासी सिद्धि विनायक काम्पलेक्स पार्क सेक्टर 14 गोवर्धन विलास के खिलाफ खातों को किराए पर देकर साईबर ठगी जरिये लेने देन करने की पुष्टि होने पर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी के तीन खातों में ज्यादा लेने देन करने एवं शिकायते मिलने पर जांच की गई थी। इस पर इस मामले में पुलिस ने आरोपी प्रतापसिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भिजवाया।

अवैध एमडीएम सहित एक पकड़ा

उदयपुर, (कासं)। अवैध एमडीएम सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थाना अधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए मो. अदनान छीपा पुत्र मो. हुसैन छीपा निवासी छीपा मोहल्ला आयड़ को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 02.23 ठाम एमडीएमए जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

आपपी झगड़े में पांच छात्र चोटिल

उदयपुर, (कासं)। जनजाति छात्रावास में आपसी कहासुनी पर छात्रों के बीच झगडा हो गया। जिसके चलते पांच छात्र चोटिल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार अपरान्ह में झाड़ोल कस्बे में स्थित जनजाति छात्रावास में किसी बात को लेकर छात्रों के बीच कहासूनी हो गई। इस दौरान झगड़ा होने पर छात्र गुलाबचंद, निर्मल, विक्रम, ईश्वरलाल तथा मुकेश चोटिल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर समझाईश कर मामला शांत किया। मामले में पुलिस ने पीडित हरिशचंद्र पुत्र शंकरलाल निवासी ऋषभदेव हाल वार्डन की रिपोर्ट पर नो छात्रों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

हादसे में श्रमिक की मौत

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में होटल में काम करते समय हुए हादसे में घायल श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित गुडली निवासी दिनेश पुत्र शंकर मीणा की हादसे में मौत हो गई। मंगलवार को दिनेश कालारोही में स्थित होटल पर ट्रेक्टर में मार्बल लेकर आया था। जिसे खाली करते समय वह घायल हो गया। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। इस पर एएसआई अमीन तावड़ ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

अवैध हथियार सप्लायर गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में अजयसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए 19 जनवरी 25 को प्रकरण संख्या 49/25 आर्म्स एक्ट मामले में महेन्द्र सिंह पुत्र दुल्हेसिंह निवासी सरे कला सुखेर को गिरफ्तार किया था। जिसने पूछताछ में हथियार संपी कुमार पुत्र शेरसिंह निवासी नाटासगुढा गोडजी झुंझुनू से खरीदना बताया। इस पर आरोपी संदीप को गिरफ्तार इसके खिलाफ दस अपराधिक प्रकरण पूर्व में दर्ज है।

मुख्य सचिव को गार्ड ऑफ ऑनर

उदयपुर, (कासं)। मुख्य सचिव सुधांश पंत बुधवार सांय उदयपुर पहुँचे, जिला कलेक्ट्रेट पहुँचने पर पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर नमित मेहता,एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी आदि मौजूद रहे।

'शिविर में पात्र लाभार्थियों को मिले योजनाओं का लाभ'

- **ग्रामीण और शहरी सेवा शिविर वर्षो पुरानी समस्याओं के समाधान का बने मंच : डॉ बैरवा**

राजसमंद, (निसं)। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेकर ग्रामीण सेवा शिविर और शहरी सेवा शिविर की विस्तृत समीक्षा कर नवीनतम प्रगति जानी। इस दौरान जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, कुंभलगढ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, समाजसेवी माधव जाट सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से किसानों से जुडे विभिन्न लंबित प्रकरणों का निस्तारण, किसानों की लंबित रजिस्ट्री, किसान गिरदावरी ऐप पर पंजीयन व गिरदावरी के लिए प्रेरित करना, उपखंड एवं सहायक कलेक्टर न्यायालयों में लंबित नोटिसों की तामील, लंबित कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार करने, भूमि विभाजन एवं नामांतरण प्रकरणों के निस्तारण सहित भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत शुद्धिकरण प्रकरणों का समाधान करने, गैर खातेदारी से खातेदारी प्रकरणों का निस्तारण कर भूमि अभिलेख में इन्द्राज सुनिश्चित करने आदि की समीक्षा की।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवारों का सर्वे, स्वामित्व योजना के तहत पट्टों के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में व्यक्तिगत शौचालयों के आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति जारी करने, सामुदायिक शौचालयों की स्वीकृति एवं अक्रियाशील शौचालयों को क्रियाशील बनाने, आरआरसी केन्द्रों के लिए भूमि आवंटन व स्वीकृतियों की प्रगति, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के लाभार्थियों का सर्वेक्षण आदि को लेकर उप मुख्यमंत्री ने विस्तार से समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए।

पशुपालन विभाग द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पॉलिसियां वितरण, बिजली से जुडी समस्याओं सप्लाई, मीटर, ट्रांसफॉर्मर, तारों व खंभों के निस्तारण तथा बिल, मांगपत्र एवं लोड संबंधित शिकायतों पर भी समीक्षा की गई। कृषि क्षेत्र में बीज मिनी किट का वितरण और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पॉलिसियों का वितरण, वित्तीय समावेशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री जन धन योजना में नए खाते खोलने, निष्क्रिय खातों का सत्यापन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में नए पंजीयन, जन आधार योजना में नवीन नामांकन, अद्यतन व संशोधन कार्य को लेकर दिशा निर्देश दिए। फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लंबित प्रकरणों, आधार सीडिंग व ई-केवाईसी की प्रक्रिया, राशन कार्ड धारकों की एलपीजी आईडी मैपिंग, सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का सत्यापन, पालनहार योजना के नामांकन व नवीनीकरण, यूडीआईडी कार्ड निस्तारण, आवश्यक कृत्रिम अंग वितरण, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पंजीयन की स्थिति जानी। शहरी सेवा शिविरों की समीक्षा में बताया गया कि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार आमजन को विभिन्न छूट और रियायतें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसमें पिछले वर्षों की बकाया लीज राशि एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज में 1०० प्रतिशत छूटए फ्री-होल्ड पट्टा एवं लीज मुक्ति हेतु बकाया राशि पर 6० प्रतिशत तक छूट, आवासीय भूखण्डों के पुनर्ग्रहण शुल्क में 75, 5० व 25 प्रतिशत तक छूट शामिल है। कृषि भूमि पर बसी कॉलोनियों में शेष पट्टे जारी करने पर ब्याज में शत-प्रतिशत छूट, अपंजीकृत दस्तावेजों से खरीदे गए भूखण्डों पर अंतिम क्रेता को शास्ती में 1०० प्रतिशत छूट, आवासीय प्रीमियम दरों में 25 व 15 प्रतिशत छूट, भवन मानचित्र स्वीकृति शुल्क में 5० प्रतिशत छूट, खांचा भूमि आवंटन में छूट व सक्षमता, नामांतरण एवं मौका निरीक्षण में सरलीकरण जैसे प्रावधान किए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर आमजन को सीधे लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं और इनके सफल क्रियान्वयन से जिले के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा नवीन परिवारों को एनएफएस में लाभान्वित करने हेतु योजना की प्रगति प्रस्तुत की गई। कृषि एवं ऊर्जा क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान, कुसुम सोलर प्लांट, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और विद्युत विभाग की संशोधित वितरण क्षेत्र योजना जैसे अभियानों की समीक्षा की गई।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन और मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की स्थिति पर चर्चा की गई। महिला एवं बाल कल्याण के अंतर्गत लाडो प्रोत्साहन योजना तथा राजीविका के अंतर्गत नमो ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, लखपति दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी एवं पशु सखी जैसी योजनाओं पर विशेष फोकस किया गया। ग्रामीण एवं शहरी विकास से संबंधित योजनाओं में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.०, जल जीवन मिशन, अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, मुख्यमंत्री स्वनिधी योजना, पंच गौरव योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, अटल प्रगति पथ, अटल ज्ञान केन्द्र और स्वामित्व योजना की समीक्षा की गई।

आसपुर विधायक ने बांटे लैपटॉप और प्रोजेक्टर

डूंगरपुर, (निसं)। आसपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमेश डामोर ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नान्दली सागौरा और रायकी ग्राम पंचायतों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में लैपटॉप और प्रोजेक्टर का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोडना और उन्हें बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

दौरे के दौरान विधायक डामोर ने विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लैपटॉप और प्रोजेक्टर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये उपकरण बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोडेगे और उनकी सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक व प्रभावी बनाएंगे।

विधायक डामोर ने कहा कि मैं सुनिश्चित करना चाहता हूँ कि हमारे क्षेत्र का प्रत्येक बच्चा आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे। यह उपकरण बच्चों को न केवल पढाई में मदद करेंगे,बल्कि उन्हें समय के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए भी तैयार करेंगे। उन्होंने आगे यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, रोजगार और सडकों जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर भारत आदिवासी पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें बीसीसी प्रभारी हीरालाल हारमोर खरोडिया, देवापुरी मंडल अध्यक्ष धनजी भाई बुज तथा कुरजी पारगी,भीमराज, ईश्वर सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

सार-समाचार

नहर (फीडर) का शिलान्यास आज

मावली, (निसं)। दशकों से लंबित किसानों और ग्रामीणों की सबसे बड़ी मांग अब पूरी होने जा रही है। बडियार के मरतड़ी गांव स्थित बागोलिया बांध को भरने के लिए प्रस्तावित नहर (फीडर) का शिलान्यास आज 25 सितम्बर को दोपहर 1 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा। करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली यह परियोजना बागोलिया बांध में पानी की स्थायी उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद शांतिलाल चपलोत ने कहा की यह वह दिन है जिसका इंतजार पूरे क्षेत्र ने वर्षों तक किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं सांसद श्री सी.पी. जोशी ने जिस दूरदर्शिता से किसानों के हित में कदम उठाया है, वह मेवाड़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। चपलोत ने बताया की स्थानीय ग्रामीण और किसान लंबे समय से बागोलिया बांध को भरने के लिए फीडर नहर की मांग करते आ रहे थे। लगभग छह दशकों से लंबित इस मांग को अब हकीकत का रूप मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक वर्ष पूर्व इस घोषणा को साकार करने का वादा किया था, जो अब धरातल पर उतर रहा है।

शहरी सेवा शिविर का किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। जिला कलक्टर एवं नगर निगम के प्रशासक नमित मेहता ने गुरुवार को नगर निगम परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिला कलक्टर मेहता गुरूवार अपराह्न बाद नगर निगम परिसर पहुंचे। वहां उन्होंने पं दीनदयाल सभागार के भूतल पर वार्ड संख्या 35, 36, 37, 48 एवं 49 के लिए आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों तथा नगर निगम की विभिन्न शाखाओं द्वारा लगाई स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा शिविर में आने वाले प्रत्येक लाभार्थी को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा शिविरों का उद्देश्य लोगों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। ऐसे शिविरों से आमजन को एक ही स्थान पर अनेक विभागों की सेवाएँ मिल रही हैं। जिससे समय और संसाधन दोनों की बचत होती है। अधिकारी एवं कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि शिविर में आमजन के प्रार्थना पत्र संग्रहित करने के साथ उनका यथासंभव मौके पर ही निस्तारण हो, ताकि लोगों को शिविर का सही मायनों में लाभ मिल सके।

शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें, नवाचारों को अपनाएं : सांसद डॉ. रावत

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान स्टेट एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल सोसायटी के तत्त्वावधान में बुधवार को छठी राज्य स्तरीय एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल विद्यालयों का सांस्कृतिक, साहित्यिक फेस्ट एवं कला उत्सव का उद्घाटन समारोह शोभागपुरा स्थित महाप्रज्ञ विहार परिसर में आयोजित हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, ईएमआरएस शिक्षण-प्रशिक्षण से जुड़े लोग एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह में मुख्य अतिथि उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और नवाचारों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ समाज है। डॉ. रावत ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि एकलव्य आवासीय विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे आगे चलकर देश और समाज का नाम रोशन करे। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीना ने कहा कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। आंध्रप्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान के विद्यार्थी यदि बेहतरीन प्रदर्शन करें तो पूरे राज्य का गौरव और भी बढ़ेगा। समारोह में साध्वी कल्पयशा ने बच्चों को नशामुक्ति की प्रेरणा दी।

छात्रों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

उदयपुर, (कासं)। सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा के विवादित बयानों के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का विरोध प्रदर्शन लगातार बुधवार को भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर में अनोखे तरीके से सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया।

एबीवीपी के प्रांत सह मंत्री कुलदीप सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय और सभी संबद्ध महाविद्यालयों को बंद करवाकर विरोध दर्ज कराया। सुबह से ही कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय को बंद कर विद्यार्थियों को आंदोलन में शामिल किया और विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन के बाहर बड़ी संख्या में एकत्र हुए। इस दौरान नारेबाजी करते हुए कुलपति के इस्तीफे एवं बर्खास्त की मांग की गई। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने सद बुद्धि यज्ञ भी किया। आहुति देकर प्रार्थना की गई कि कुलपति सही विवेक का पालन करें और भविष्य में आगे जाके कही ओर इस प्रकार बयान न दें।

विद्यार्थी परिषद के महानगर मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय में जो विद्यार्थी प्रदर्शन कर रहे हैं वे गुंडे नहीं, बल्कि पढ़ने वाले छात्र हैं। वे कुलपति की मनमानी और अपमानजनक व्यवहार से परेशान होकर विरोध कर रहे हैं। राठौड़ ने आरोप लगाया कि असली गुंडई कुलपति प्रो.सुनीता मिश्रा ने की है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के साथ मारपीट की उन्हें नगर वधू तक कहा। इसके अलावा जनजाति वर्ग की छात्रा के साथ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया और मेवाड़ के महापुरुषों का भी अपमान किया। अपने हक के लिए विरोध करना गुंडई नहीं है।उन्होंने कहा कि जब तक कुलपति प्रो.सुनीता मिश्रा को बर्खास्त नहीं किया जाता तब तक आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा ओर भी उग्र रूप लेगा। प्रदर्शन में मिलिंद पालीवाल, गौतम बंधु, त्रिभुवन सिंह, पार्थ दीक्षित, विवेक पाटीदार, चंद्रकिरण, इंद्रा,ध्वनि, चिराग दायमा, विकास चौधरी, हिमांशु चितौड़ा, वीरेन्द्र मेघवाल, हर्ष राजानी, क्रिश मूनोत, अक्षिता राव, यशराज खिंची,युवराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

शिक्षा अधिकारियों ने चखा भोजन

डूंगरपुर, (निसं)। मिड-डे-मील के सघन निरीक्षण के तहत बुधवार को एसीबीईओ डूंगरपुर विमल साद ने राउमावि सुरपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिड-डे-मिल कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए मध्याह्न भोजन, खाद्यान्न एवं पन्नाधाय बाल गोपाल योजना के अंतर्गत पिलाए जाने वाले दूध की गुणवत्ता की जांच की। मौके पर उनके साथ साथ कार्यवाहक इंचार्ज लोकेश कुमार कलाल, व्याख्याता मनोहर परमार व ब्लॉक एमडीएम प्रभारी पोपटसिंह सिसोदिया ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन कर भोजन के गुणवत्ता की प्रशंसा की। उन्होंने मिड-डे-मिल प्रभारी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कुक कम हेल्पर एवं विद्यार्थियों से मिड-डे-मिल कार्यक्रम के बारे में चर्चा की। इस दौरान शाला संबलन, ब्लॉक रैंकिंग,डीबीटी यूनिफॉर्म व ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना आदि।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर
(A State Govt.enterprise constituted under RHB Act 1970)
"salumber Chauhara, Sector 11, Udaipur-313002 Email-DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांकः-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2025-26/426 दिनांकः-18.8.2025 Registerd

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण):-

आवास संख्या **6-F-28** आय वर्ग **HIG** माप 210.00 वर्ग मीटरयोजनापानेरियों की मादडीयोजना शहर उदयपुर का श्रीमुकेश गुप्ता पुत्र श्री सत्यव्रत शास्त्री को आवंटन पत्र क्रमांक 906दिनांक03.10.2011 को जारी कर दिनांक 26.04.2012 कोकब्जा दिया गया। श्री मुकेश गुप्ता पुत्र श्री सत्यव्रत शास्त्री ने उक्त आवास का बैचान श्री गुरूमुख कटारिया पुत्र स्व.श्री बुधरमल को किया गया। उक्त आवास का नियिमतिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 301 दिनांक 14.06.2017, श्री गुरूमुख कटारिया पुत्र स्व.श्री बुधरमल को जारी किया गया। उक्त आवास का प्रथम पंजीयन दिनांक 03.07.2017 द्वारा श्री गुरूमुख कटारिया पुत्र स्व.श्री बुधरमल के पक्ष में निष्पादित करवाया गया।

पंजीयन उपरान्त श्री गुरूमुख कटारिया पुत्र स्व.श्री बुधरमल ने उक्त आवास का बैचान विक्रय पत्र (पंजीकृत) दिनांक 16.08.2017 द्वारा श्रीमती सोनिया पत्नी श्री पप्पु राव को किया गया। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 168 दिनांक 25.04.2018श्रीमती सोनिया पत्नी श्री पप्पु राव को नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। ततपश्चात श्रीमती सोनिया पत्नी श्री पप्पु राव ने पुनः उक्त आवास का बैचान विक्रय पत्र (पंजीकृत) दिनांक 12.05.2025 द्वारा श्री नितीन भम्भानी पुत्र श्री दिलीप कुमार भम्भानी को किया गया। श्री नितीन भम्भानी पुत्र श्री दिलीप कुमार भम्भानी ने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक प्रपत्र, विक्रय पत्र (पंजीकृत) मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर नाम प्रतिस्थापन कर दिया जावें।

अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10, दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या **6-F-28**, पानेरियों की मादडी योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री नितीन भम्भानी पुत्र श्री दिलीप कुमार भम्भानी के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर

खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा : प्रो. हेमंत कोठारी

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक विवि की इंटर कॉलेज प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की मेजबानी पैसिफिक विवि के इंजीनियरिंग संकाय ने की। कार्यक्रम में कुल 8 टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ पैसिफिक विवि के अध्यक्ष प्रो. हेमंत कोठारी के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ।

प्रो. कोठारी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढी को पढाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। प्रो. दिलेंद्र हीरन, डीन, फैकल्टी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने अपने उत्साहवर्धक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि खेलों में जीतने के लिए केवल शारीरिक शक्ति नहीं बल्कि मानसिक एकाग्रता और सही रणनीति भी आवश्यक है। कार्यक्रम मे पैसिफिक कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. हेमंत पंड्या, कला संकाय के डीन प्रो. टी.पी. अमेटा, इंजीनियरिंग संकाय के समन्वयक अक्षत सिंह झाला और पैसिफिक कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के उप प्राचार्य जितेन्द्र सिंह चुंडावत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन चंद्रेश सोनी और रोहित दवे ने किया।

प्रथम स्थान पर पॉलिटेक्निक कॉलेज द्वितीय स्थान (रनर-अप) फार्मेसी कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ खिलाडी संजय आहिर (फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग) पुरस्कार वितरण समारोह में पैसिफिक कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन के प्राचार्य कपिलेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

फुटपाथ पर कैनोपी लगाकर व्यापार करने पर होगी सख्ती

डूंगरपुर, (निसं)। प्रधानमंत्री की ओर से भारत के 14० करोड देशवासी को कर में राहत देते हुए नेक्स जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म-22 सितम्बर को लागू किया है। नवरात्रि के पहले दिन जीएसटी के टैक्स स्लैब में बदलाव का अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने के लिए अब नगर परिषद डूंगरपुर की ओर से व्यापारियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सभापति अमृत कलासुआ ने शहर में सभी छोटे-बडे व्यापारी और दूकानदार को आगामी त्यौहार पर अपने प्रतिष्ठान और दुकान को अच्छी, सुंदर सजावट करने का निवेदन किया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की ओर से किसी भी स्थाई दूकानदार, व्यापारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि बाजार में कुछ लोग भ्रांतियां फैला रहे है। जिसमें शहर में दुकानों की सजावट करने पर नगर परिषद की ओर से जुर्माना लगाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि शहर में किसी भी दुकानदार को सजावट और सुंदर डेकोरेशन करने की कोई परमिशन लेने की जरुरत नही है। अपने व्यापार से अधिक से अधिक लोगों को राहत देने का संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार कर रही है। ऐसे में व्यापारी को भयमुक्त कार्य करते हुए देश की आर्थिक प्रगति में सहयोग करने का निवेदन किया। सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि शहर के सार्वजनिक स्थान, फुटपाथ, सडक के किनारे कोई भी केनोपी लगाकर व्यापार करने पर नगर परिषद की ओर से नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि फुटपाथ आमजन के चलने के लिए बनाए गए है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सती की चोरी, पंचायत समिति लसाडिया, जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांकः-2025-26/11 दिनांक-20/09/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत सती की चोरी में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 02.10.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN N0 1. ZUD2526GLOB02049

प्रशासक
ग्राम पंचायत सती
की चोरी पं.स. लसाड़िया
जिला-सलूम्बर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सती
की चोरी पं.स. लसाड़िया
जिला-सलूम्बर

फर्जी सीम से ठगी, मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ फर्जी सीम जरिये अवैध लेनदेन करने का प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर म्यूल अकाउंट के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर हेडकांस्टेबल मुकेश कुमार द्वारा की गई पडताल में अविनाश पुजारी पुत्र अशोक पुजारी निवासी युआईटी कॉलोनी रोड़ नं. 2 पुरोहितों की मादड़ी द्वारा फर्जी सिम जारी कर कुशलगढ़ बांसवाड़ा निवासी विक्रमसिंह को बेचने एवं उसके द्वारा सीम का अवैध लेन देन करने में उपयोग करने की पुष्टि होने पर प्रकरण दर्ज करवाया।

समापन आज

डूंगरपुर, (निसं)। राउमावि बलवाडा की मेजबानी में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 69 वी बैडमिंटन 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा,खेलकूद प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। बुधवार को खेले गए मैचों में 17 वर्ष छात्र में एसडी इंटरनेशनल स्कूल डूंगरपुर विजेता व न्यू ऐरा पादरडी बडी उप विजेता रहे।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर, (कासं)। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से ग्राम पंचायत लोयरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छोत्सव 2025 एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर मिनी प्रदर्शनी संगोष्ठी, मौखिक प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति बडगांव की प्रधान प्रतिभा नागदा ने उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है इसी के मद्देनजर देश में स्वच्छता की महती आवश्यकता को देखते हुए हमारे प्रधानमंत्री ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की। हमें ये समझना चाहिये कि ये केवल सरकार का कार्य नहीं है, बल्कि समाज में रहने वाले हर इंसान की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरुरत है।

गरबा कार्यक्रमों में फूहड़ता को